## कृषि विज्ञान–शिक्षा एवं रोजगार के अवसर


द्वारा –गोविन्द नारायण विजय
कृषि स्नातकोत्तर (कृषि प्रसार शिक्षा)
(9252822402)


भारत एक कृषि प्रधान देश है। खाद्यान्न,पोषण,स्वास्थ्य एवं सतत कृषि को लेकर देश के सामने जिस तरह की चुनोतियॉ एवं समस्यायें हैं इससे देश में कृषि एवं सम्बद्व क्षेत्र में सुधार की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। कृषि क्षेत्र में सेवाओं की आवश्यकताओं को देखते हुए_कृषि विज्ञान एवं सम्बद्व संकायों में रोजगार की विपुल सम्भावनाऐ हैं तथा आगामी बर्षों में भी रहेंगी। युवाओं का इस क्षेत्र में जानकारी के अभाव में कृषि विज्ञान संकाय में अध्ययन की तरफ रुझान कम है या नहीं है किन्तु कृषि विज्ञान एवं सम्बद्व संकायों में अध्ययन कर हमारे समाज के युवा अच्छे वेतन के साथ ही सम्मान जनक पदों पर रहते हुए अपने केरियर को काफी आगे बढा सकते हैं।

**कृषि विज्ञान संकाय में प्रवेश–कृषि विज्ञान एवं सम्बद्व संकायं में 12 वीं के उपरान्त शिक्षा का अवसर प्रमुख रुप से दो प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से होता है।**

**1 JET (Joint Entrance Test) Agriculture ( Rajasthan)**

**2 ICAR AIEEA ( Indian Council of Agriculture Research All India Entrance Examination Agriculture**

### 1. JET (Joint Entrance Test) –

यह कृषि स्नातक (ऑनर्स) 4 वर्षीय पाठयक्रम में प्रवेश लेने हेतु राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा है। जिसका आयोजन महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिक महाविद्यालय उदयपुर आयोजित करवाता है। इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से राजस्थान के 40 कृषि महाविद्यालयों, 2–उद्यान विज्ञान एवं वानिकी महाविद्यालय, 1 गृह विज्ञान महाविद्यालय तथा 3 डेयरी प्रोद्यौगिकी एवं भोजन तकनीकि महाविद्यालय में प्रवेश होता है।

**पाठयक्रम**– सभी पसठयक्रम 4, वर्षीय है–1–स्नातक (ऑनर्स) कृषि 2–स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी 3–स्नातक (ऑनर्स) वानिकी 4–स्नातक (ऑनर्स) गृह विज्ञान 5–बी टैक डेयरी प्रोद्यौगिकी 6–बी टैक भोजन तकनिकि

**शैक्षणिक योगयता**–10+2 निम्न मे से किसी विषय में–

1– कृषि 2– भोतिक 2–रसायन 4–गणित। 5–जीव विज्ञान ।

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

**विशेष**–राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। 10,वीं 11,वीं 12,वीं लगातार राजस्थान से पास करना अनिवार्य है।

**परीक्षा पद्वति**–बहूविकल्पीय वस्तुपरख प्रश्न जो इस प्रकार है–

प्रश्नों की संख्या–

1– कृषि–40 2– भोतिक–40 2–रसायन–40 4–गणित–40 5–जीव विज्ञान–40

**प्रवेश हेतु सम्भावित महत्वपूर्ण तिथियॉ–**

1–ऑन लाईन आवेदन–मई माह के प्रथम सप्ताह में।

2–प्रवेश परीक्षा तिथि–मई माह के द्वितीय या तृतीय सप्ताह में।

3–परीक्षा परिणाम–जून माह के प्रथम सप्ताह में।

### 2. ICAR - AIEEA

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आल इंडिया कृषि प्रवेश परीक्षा देश के विभिन्न राज्यों के 40 कृषि विश्वविद्यालया, 3 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, तथा 2केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों (कृषि के साथ) में 15 प्रतिशत सीटें ICAR – AIEEA के द्वारा निर्धारित है। इनमें से NDRI–करनाल, RLB–केनद्रीय कृषि विश्वविद्यालय–झॅासी तथा डॉ आर पी केनद्रीय कृषि विश्वविद्यालय–पूसा बिहार में 100 प्रतिशत इसी परीक्षा के माध्यम से भरी जाती हैं।

**राज्य के बाहर प्रवेश लेने पर प्रति छात्र प्रति माह रु 2000 नैशनल टेलेंट स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाती है।**

**शैक्षणिक योगयता**– 10+2 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

कृषि एवं संबंद्व संकाय के लिए 10+2 में वांछित विषयों की योग्यता इस प्रकार है।

**STREAM A- Agriculture**

| S.N. | Degree programme for admission | Subject which you must have passed in 10+2 | Subject you need to attempt in entrance exam |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Sc. (Hons.) Agriculture | Physics, Chemistry, Biology/ Physics, Chemistry, Math, Biology/Physics, Chemistry, Agriculture/ Inter. Ag. | Physics/ Chemistry/ Biology/Physics, Chemistry, Agriculture |
| 2 | B.Sc. (Hons.) Horticulture | As above | As above |

Over Please

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | B.Sc. (Hons.) Fisheries | As above | As above |
| 4 | B.Sc. (Hons.)Home Science | As above | As above |
| 5 | B.Sc. (Hons.) Sericulture | As above | As above |
| 6 | B.Sc. (Hons.)Biotechnology | As above | As above |
| 7 | B.Sc. (Hons.) Forestry | Physics, Chemistry, Biology/ Physics, Chemistry, Math, Biology | Physics/ Chemistry/ Biology |

**STREAM B**

| S.N. | Degree programme for admission | Subject which you must have passed in 10+2 | Subject you need to attempt in entrance exam |
|---|---|---|---|
| 1 | B. Tech. Agriculture Engineering | Physics, Chemistry, Math/ Physics, Chemistry, Math, Biology | Physics, Chemistry, Math |
| 2 | B. Tech. Dairy Technology | As above | As above |
| 3 | B. Tech. Food technology | As above | As above |
| 4 | B.Sc. Agriculture Marketing & Co-operation | As above | As above |

**प्रवेश हेतु सम्भावित महत्वपूर्ण तिथियॉ–**

1–आवेदन प्रकिया–मई माह के द्वितीय या तृतीय सप्ताह में।

2–प्रवेश परीक्षा तिथि– जून माह के तीसरे या चौथे सप्ताह में।

परीक्षा पद्वति– बहूविकल्पीय वस्तुपरख प्रश्न

**संकाय A कृषि**

प्रश्नों की संख्या–

भोतिक–60 रसायन–60 कृषि/ जीव विज्ञाान–60

**संकाय– B गणित**

प्रश्नों की संख्या–

गणित–60, भोतिक–60, रसायन–60

## कृषि स्नातक में रोजगार के अवसर–

कृषि विज्ञान एक व्यापक संकाय है, इसमें कृषि विज्ञान एवं संबन्धित विषयों का व्यापक पाठयक्रम सम्मलित है। कृषि स्नातक राज्य सरकार के कृषि एवं सम्बंधित विषयों में कृषि अधिकारी, कृषि तकनिकी अधिकारी, कृषि महाविद्यालयों, प्रशिक्षण संस्थानों, अनुसंधान केन्द्रो में, तकनिकी सहायक, बैंकों में अधिकारी (लोन एवं बीमा) आदि पदों के अवसर ले सकतें हैं।

निजी क्षेत्र में– उर्वरक, पेस्टीसाइज, फार्म मशीनरी, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण आदि कम्पनियों में अवसर पाकर अच्छी प्रगति कर सकते है।

**<u>बेहतर केरियर के लिए उचित होगा कि कृषि संकाय में प्रवेश लेने वाले छात्र व छात्राऐं स्नातकोत्तर तक की शिक्षा के लिए सोचकर ही प्रवेश लें।</u>**

## कृषि स्नातकोत्तर में रोजगार के अवसर–

- राज्य सरकार में कृषि विभाग, केन्द्र सरकार के कृषि व संबंदध सेवाओं के विभिन्न विभागों में, देश के विभिन्न कृषि वैज्ञाान केन्द्रों, कृषि अनुसंधान केन्द्रों, कृषि विश्वविद्याालयों में अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विपणन अधकारी, आदि उच्च पदों पर व्यापक रुप से चयनित होने का अवसर लिया जा सकता है।
- निजी क्षेत्र में– उर्वरक, पेस्टीसाइज, वेटेनरी दवाइयॉ, भोजन प्रसंस्करण, हर्बल मैडिसन, कृषि से संबंनिधित उपकरण, व कम्पनियों में रोजगार के व्यापक अवसर हैं।
- उद्यान विज्ञान से संबंन्धित स्नातकोत्तर– बडे होटलों, उपकमों के परिसरों में उद्यानिकी प्रबंधकों के रुप में अवसर पा सकतें हैं।
- ग्रामीण विकास की विभिन्न परियोंजनाओं में कृषि एवं सम्बंद्व विषयों जैसें– उद्यानिकी कृषि विपणन, कृषि ऋण, पर्यावरण, मौसम आदि सलाहकारों की आवश्यकता होती है। इसमें रोजगार की व्यापक समभावनाऐ है।

- कृषि एवं आजीविका पर कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं, अर्न्तराष्टीय संस्थाओं को कृषि विशेषज्ञों की नितान्त आवश्यकता होती है।
- प्रिन्ट मीडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन आदि सम्प्रेषण संबंन्धित क्षेत्रों में भी कृषि स्नातक व स्नातकोत्तर अपना केरियर आगे बढा सकते हैं।

**विशेष–**

- कृषि संकाय एक व्यापक संकाय है। विज्ञान वर्ग के छात्र जो अभियांत्रिकी तथा चिकित्सा क्षेत्र में जाने की सोचते हैं उनके लिए कृषि संकाय एक महत्वूर्ण विकल्प हो सकता है।
- व्यापक अवसरों, उच्च वेतन,उच्च पद हेतु कृषि विाान संकाय मे प्रवेश लेने वाले छात्र एवं छात्राओं के लिए अधिक बेहतर होगा किवह स्नातकोत्तर तक शिक्षा ग्रहण करने का लक्ष्य तय करें।
- कृषि विज्ञान संकाय में प्रवेश युवाओं को उच्च रेंन्क हॉसिल करने का प्रयास करें जिससे देश के प्रतिष्ठित सरकारी विश्व विद्यालयों एवं महा विद्यालयों में प्रवेश मिल सके।
- 5–10 वर्ष पूर्व कृषि संकाय में केवल छात्र ही प्रवेश लेते थे किन्तु वर्ष 2017 में AIAEE के माध्यम से प्रवेश लेने वाली 45 प्रतिशत छात्राऐं थी। छात्राओं को कृषि संकाय में विशेष प्रोतसाहन सहायता दी जाती है।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसे– प्रशासनिक सेवाओं, ग्रामीण विकास सेवाओं, बैंकों इत्यादि में कृषि विषयों के अध्ययन के द्वारा अधिक सफलता प्र्राप्त की जा सकती है। क्योंकि कृषि विज्ञान बहुत व्यापक पाठयक्रम थे।

- अधिक जानकारी हेतु AIAEE, JET Agriculture की वेबसाइट देखें।